## मायूसी के दौर से गुजर रहे कुम्हार, दर्जी ,बढ़ई, और सुनार , ऑनलाइन एवं चाइनीज उत्पादों का बाजार गरम

# दिवाली की चकाचौंध में फीकी पड़ी परंपरागत कारीगरों की चमक



दिया बनाता कुम्हार



दरवाजे बनाता बढ़ई



कपड़े सिलता दर्जी

**राकेश नगाइच**

**नवभारत, बेलखाड़ू ( जबलपुर )** । दिवाली का त्यौहार रोशनी ओर खुशियों का प्रतीक है लेकिन इस रोशनी के पीछे कुछ आंगन अब भी अंधेरे में है। गांवों के कुम्हार, दर्जी, बढ़ई, एवं सुनार जो हर साल दिवाली के लिए दिये , कपड़े, फर्नीचर, एवं आभूषण बनाने का काम करके दिवाली की खुशियों मै अपना योगदान देते है , आज खुद आर्थिक तंगी और बाजार की प्रतिस्पर्धा से जूझ रहे है ।देश को अपनी ज़रूरतों की चीज़ों के लिए स्थानीय (लोकल) उत्पादों को अपनाना चाहिए और उनके बारे में आवाज़ (वोकल) उठानी चाहिए। यह पहल भारत में निर्मित वस्तुओं और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने, अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए है। यह अभियान स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर देता है, ताकि स्थानीय कारीगरों और निर्माताओं को समर्थन मिल सके।

**कुम्हारों की मेहनत और हकीकत** – गांवों में कुम्हार इस मौसम में सुबह से शाम तक मिट्टी के दिए, गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां और घर सजाने की वस्तुएं बनाते है। लेकिन उनकी मेहनत का मूल्य नहीं मिल पा रहा है। बाजार में सस्ती लाइट और प्लास्टिक के दियो ने मिट्टी के दियों की मांग को बहुत घटा दिया है ।

**कमाई से ज्यादा खर्च** – मिट्टी , रंग , और तेल के दम बढ़ गए ,लेकिन दियो के दाम वही पुराने है । कई कुम्हारों ने तो अब यह परंपरा छोड़ दी है और दूसरे कामों में लग गए है कुछ परिवारों ने कहा कि अब सिर्फ ऑर्डर पर दिए बनते जाते है ,क्योंकि खुले बाजार मै बिक्री घट गई है।

**दर्जियों की स्थिति** – पहले हर साल गांव में प्रत्येक घर मै बच्चों ,बड़े ओर बुजुर्गो , स्त्री या पुरुष पेंट शर्ट, कुर्ता पजामा ब्लाउज अनेकों नए परिधान वस्त्र दर्जी के पास जाकर बनवाए जाते थे, दर्जी ग्राहकों के लिए काम की अधिकता होने के कारण दिवाली के दिन भी काम करते थे, लेकिन वर्तमान परिस्थिति अब शहरों में नए नए शो रूम , मॉल ऑनलाइन मार्केट से खरीदी करने लगे है। जिससे लोकल दर्ज़ियों की आमदनी कम हुई है।

**बढ़ई की स्थिति** – दिवाली आने पर ग्रामवासी अपने घरों में नए लकड़ी के कुर्सी , टेबल , चौखट दरवाजे , पलंग एवं विभिन्न लकड़ी के फर्नीचर बनवाते थे, लेकिन अब एल्युमिनियम ,फाइबर कुर्सी, दरवाजे कारखाने मै बनने के कारण , बढ़ई शहर में मजदूरी एवं अन्य काम पर जाने लगे है।

**सुनार की स्थिति** – पहले दिवाली के पूर्व ही महिलाएं सोने एवं चांदी के आभूषण के लिए आर्डर कर देते थे, लेकिन अब ग्राहक शहरों से जुड़ गए है पूजन लक्ष्मी गणेश के सिक्के ऑफर चलने पर ऑनलाइन ऑर्डर करते है ,सोने के दाम लगातार बढ़ने से गांवों में लोग अब खरीदी कम करने लगे है ।

### इनका कहना है



कुम्हार रघुनाथ प्रजापति – गांव में आजकल लोग शहर जाकर दिए ले आते है अन्य लोग भी इस धंधे में उतर आए है चाइना का मॉल भी बिकने लगा है पहले जैसे अब त्यौहार नहीं रहे ।

**रघुनाथ प्रजापति ,कुम्हार**



बढ़ई नारायण विश्वकर्मा पहले लकड़ी के सामान लोग बहुत बनवाते थे, काम बहुत मिलता था टेक्नोलॉजी ने आम कारीगरों को पीछे छोड़ दिया है अब ऑनलाइन फर्नीचर ऑर्डर करके मंगवा लेते है । हमारी पूछ परख कम रह गई है।

**नारायण विश्वकर्मा , बढ़ई**



आज कल लोग ऑनलाइन साइट कंपनी से कपड़े ऑर्डर करते है पहले काम करने हमारा पूरा परिवार लगा रहता था , बहुत काम मिलता था ऑनलाइन बाजार ने हमारी जेब ढीली कर दी है।

**वीरेंद्र झारिया , दर्जी**



आजकल ऑनलाइन मार्केट ने घर बैठे पकड़ बना ली है एक क्लिक में सामन घर आ जाता है लोग हमारे यहां आभूषण देख कर चले जाते है ऑनलाइन ऑफर का फायदा उठा कर खरीदी कर ले लेते है।

**ब्रजेश सोनी , सुनार**

## मझौली में मिठाई प्रतिष्ठानों पर छापा, मावे के लिए नमूने



**मझौली ( जबलपुर )।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सिहोरा के निर्देशन में नगर मझौली में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत मिलावटखोरी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए संयुक्त टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार दिलीप हनुमंत, कार्यपालिक दंडाधिकारी राजेश मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिनोद धुर्वे, अमित गुप्ता, खाद्य निरीक्षक सिद्धार्थ राय, पुलिस विभाग तथा राजस्व विभाग की टीम के नेतृत्व में की गई। निरीक्षण के दौरान नगर के प्रमुख मिठाई प्रतिष्ठानों भूरेलाल नेमा स्वीट्स, नवल स्वीट्स, शिवम स्वीट्स एवं श्याम स्वीट्स में खाद्य सुरक्षा मानकों की बारीकी से जाँच की गई ।एफएसओ द्वारा मौके पर ही मावे का प्राइमरी परीक्षण किया गया, जिसमें प्रथम दृष्टया संदेहास्पद स्थिति पाए जाने पर मावे के सैंपल लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए। इस कार्यवाही का उद्देश्य दीपावली पर्व के पूर्व आमजन को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। आगामी दिनों में भी जिलेभर में इस प्रकार की सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जाएगी।



## जबलपुर में जब्ती, पन्ना में खाक हुआ नशे का जखीरा

**जब्त 243 किलो गांजा, 34 ग्राम स्मैक, 1481 इंजेक्शनों का विनष्टीकरण**

**जबलपुर।** एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों के तहत जबलपुर पुलिस द्वारा जब्त किया गया गांजा, स्मैक, नशीले इंजेक्शन का जखीरा जेके सीमेण्ट लिमिटेड ग्राम पुरैना जिला पन्ना में खाक कर दिया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 50 प्रकरणों में से गांजा के 47 प्रकरण में 243 किलो 7268 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, स्मैक के 1 प्रकरण में 34 ग्राम 50 मिली ग्राम स्मैक तथा नशीले इंजेक्शन के 2 प्रकरण में 1481 इशीले इंजेक्शनों का पुलिस उप महानिरीक्षक, जबलपुर रेंज, जबलपुर अतुल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय की मौजूदगी में विनष्टीकरण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## सिहोरा जिला के लिए आंदोलन की घोषणा



**सिहोरा ।** सिहोरा को जिला बनाने के आंदोलन के क्रम में सिहोरा वासी एक बार फिर दीपावली पर खून के दीए जलाकर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद समिति के सदस्यों ने भूमि समाधि सत्याग्रह आंदोलन करने की भी घोषणा की है। समिति की रविवार को हुई बैठक में लिए इस निर्णय से सिहोरा एक बार फिर जिला आंदोलन के लिए उग्र होता दिखाई दे रहा है।

**पहले खून के दिए फिर भूमि समाधि** – लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति की रविवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 19 अक्टूबर को पुराने बस स्टैंड सिहोरा में खून के दिए जलाकर जिला की मांग को सरकार के समक्ष रखा जाएगा और 26 अक्टूबर को बाह नाला के बाजू में भू समाधि सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा।

समिति की बैठक में समिति के अनिल जैन, कृष्ण कुमार कुररिया, आशीष तिवारी, विकास दुबे, संतोष पांडे, राजभान मिश्रा, राम जी शुक्ला, मनोज पटेल, जितेंद्र श्रीवास, संतोष वर्मा, संजय पाठक, नरेंद्र गर्ग, रमेश पाठक,नंद कुमार परोहा, राजेश कुररिया, विनय तिवारी, शिव शंकर गौतम, मानस तिवारी,अमित बक्शी सुशील जैन, मोहन सोंधिया सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**– द्वितीय निविदा सूचना –**

N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/539 Date : 13/10/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_456000_1<br>09/10/2025 | सं.क्र.-05 जवाहरगंज वार्ड अंतर्गत घमंडी चौक से कमानिया गेट तक एक तरफ एवं लार्डगंज से घमंडी चौक तक दोनों तरफ पेवर ब्लाक लगाने का कार्य। ( पार्षद मद ) | 04 माह<br>₹.18.75 लाख | ₹.2,000/-<br>₹.14000/- | 28/10/2025 |
| 2. | 2025_UAD_456000_2<br>09/10/2025 | सं.क्र.-05 जवाहरगंज वार्ड अंतर्गत बड़ा फुहारा एवं लार्डगंज चौक का सौंद्रर्यीकरण कार्य।( पार्षद मद ) | 02 माह<br>₹.3.44 लाख | ₹.2,000/-<br>₹.3500/- | 28/10/2025 |
| 3. | 2025_UAD_456000_3<br>09/10/2025 | सं.क्र.-05 कस्तूरबा गांधी वार्ड अंतर्गत आगा चौक से कर्बला रोड के दोनों साईड में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य।( निगम मद ) | 04 माह<br>₹.20.66 लाख | ₹.5,000/-<br>₹.15500/- | 28/10/2025 |

नोटः– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर**

## सशिमं पनागर विकसित भारत बिल्डथोन में चयनित



**नवभारत, पनागर।** मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ धर्मेंद्र प्रधान ने विकसित भारत बिल्डथोन 2025 के अंतर्गत विडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा सरस्वती शिशु मन्दिर पनागर विद्यालय की एटीएल लैब अवलोकन का किया एवं विद्यालय का नाम लेकर शुभकामनाएँ प्रेषित की। सम्पूर्ण विद्यालय के लिए यह गौरव की बात है। इस विद्दियालय ने मध्यप्रदेश के शीर्ष 5 विद्यालयों में स्थान प्राप्त कर जबलपुर का एकमात्र प्रतिनिधि बनने का गौरव हासिल किया 7 प्राचार्य सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के आचार्य एवं दीदी तथा महाराणा प्रताप शिक्षा समिति पनागर के सभी सदस्यों को जाता है।

## जुआरी पकड़ाए, नकदी, 3 टू-व्हीलर जप्त

जबलपुर। बरगी पुलिस ने बरबटी में सजे जुआ फड़ पर छापामार कार्रवाई कर जुआरियों को पकड़ा। जिनके कब्जे से 7 हजार 840 रूपये एवं घटनास्थल से 3 दुपहिया वाहन जप्त किए गए। बरगी थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि चौकी बरगी नगर अंतर्गत राजाराम डुंगरिया रोड़ ग्राम बरबटी में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेल रहे रविराज तिवारी उर्फ विक्की तिवारी , राजू ठाकुर, बंटू पटैल , प्रेमलाल पटेल सुमरत यादव , सरजू मसराम को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

## 172 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 72,200 का जुर्माना

**नवभारत, जबलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और मृत्यु दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से जबलपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग कर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस अभियान के अंतर्गत थाना यातायात मालवीय चौक, घमापुर, गढ़ा सहित विभिन्न थाना प्रभारियों एवं हमराह स्टाफ द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न लगाने वाले चालकों और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। पुलिस ने कटंगी बायपास रोड, अंधमुख बायपास, जसूजा सिटी के पास, कृषि विश्वविद्यालय रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर वाहनों की जांच कर कुल 172 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की और 72,200 रुपए का चालान वसूला। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस के द्वारा की गई।

## पटवारी से लूट करने वाले दो लुटेरे पकड़ाए

### पूछताछ में तीन लूट का खुलासा, 2 लाख के जेवर जब्त

**जबलपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत हाईकोर्ट के पास महिला पटवारी से लूट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिनके कब्जे से लूटे गए सोने के जेवर वजनी 21 ग्राम कीमती 2 लाख 15 हजार रूपये के जप्त किए गए। टीआई अनूप नामदेव ने बताया कि श्रीमति माया मेहरा 33 वर्ष निवासी नेता कालोनी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह जिला सीहोर तहसील दोराहा में पटवारी के पद पर पदस्थ है। 11 अक्टूबर को दोपहर लगभग 3-20 बजे अधारताल से ओला बुक करके भोपाल जाने के लिये स्टेशन जबलपुर आ रही थी लगभग 3-45 बजे बीएसएनएल आफिस हाईकोर्ट के पास पहुँची तो चलती ओला गाड़ी के पीछे बिना नम्बर की बाईक में बैठे 2 अज्ञात लड़के ने बैग छीनकर भाग गए थे जिसमें जेवर, नगदी एक हजार रूपए रखे थे। पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले । जिसके आधार पर चिहिन्त अम्बेडकर चौक शुलभ काम्पलेक्स के पास दबिश देते हुये क्राइम ब्रांच एवं सिविल लाइन पुलिस ने आदित्य सोनकर 25 वर्ष निवासी हनुमानताल एवं समीर उर्फ अबरार खान 32 वर्ष निवासी अधारताल को पकड़ा, सघन पूछताछ करने पर थाना सिविल क्षेत्र बीएसएनएल आफिस के पास घटना करना स्वीकार किये इसके पूर्व भी थाना खमरिया एवं थाना अधारताल क्षेत्र में भी घटना करना स्वीकार किये।

## करंट से हुई दो लोगों की मौत पर सहायता राशि सुनिश्चित हो जाये : कलेक्टर



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की और कहा कि प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अन्य लंबित प्रकरणों का निराकरण तत्परता करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति, धान व कोदो, कुटकी उपार्जन की तैयारी, गिरदावरी का सत्यापन के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही कहा कि करंट से दो लोगों की मृत्यु पर अनुग्रह सहायता राशि सुनिश्चित हो जाये। समग्र ई-केवायसी को लेकर कहा कि सभी एसडीएम जनपद सीईओ की बैठक कर इस दिशा में प्रगति लायें। अब ठंड आने वाली है, अतः एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के रैन बसेरा में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करायें। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी अधिकारी मौजूद थे।



## घर- घर जाकर पोलियो दवा पिलाने अभियान प्रारंभ

**नवभारत ,बेलखाड़ू।** देश को पोलियों मुक्त बनाने भारत सरकार के दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत रहे बरकरार अभियान अंतर्गत जीरो से पांच साल तक के बच्चों को पोलियों दवा घर- घर पिलाने का अभियान शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाड़ू में सरपंच गौरी शंकर पटेल द्वारा पोलियों ड्रॉप पिलाकर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ पीयूष द्विवेदी, डॉ निशिमा सिद्धकी, सुपरवाइजर राकेश वर्मा, एएनएम रेखा पटेल, शिखा शुक्ला,एमपीडब्लू वीरेन्द्र पटेल, वर्षा कुर्मी, प्रीती पटेल, साधना ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे। इसके बाद आज घर घर जाकर बच्चों को दवा पिलाई गई। रविवार को कुल 349 बच्चों को पोलियों दवा पिलाई गई।

## बुलेरो से ढुल रही शराब पकड़ाईं, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** बुलेरो से ढुल रही शराब के साथ बरेला पुलिस ने आरोपी को पकड़ा है। बरेला थाना प्रभारी अनिल पटैल ने बताया कि सोमवार को जबलपुर तरफ से आ रही पिकअप बुलेरो मालवाहक क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यु 5941 को रोका गया। चालक के बाजू में बैठा व्यक्ति वाहन से उतरकर भाग गया चालक शनि चक्रवर्ती पिता गोविन्द चक्रवर्ती 27 वर्ष निवासी गंज मोहल्ला बरेला को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर बुलेरो पिकअप वाहन में 25 पेटियों में शराब रखी मिली कुल 1 हजार 250 पाव रखे मिले। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त शराब कहां एवं किससे लेकर परिवहन की जा रही है के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने की थी खुदकुशी

जबलपुर। बेलखेड़ा थाना अंतर्गत जमखार में प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने खुदकुशी की थी। जांच के बाद पुलिस ने पति, सास ससुर एवं देवर के खिलाफ दहेज हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी पति एवं ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 11 अक्टूबर को ग्राम जमखार निवासी दुर्गा मेहरा 23 वर्ष ने घर के अंदर पंखे से गमछा बांधकर फांसी लगा ली थी। दौरान मर्ग जांच के मृतिका नव विवाहिता श्रीमति दुर्गा मेहरा 23 वर्ष के परिजनों के बयान लिए गए जिन्होने बताया कि दुर्गा मेहरा ने प्रेम विवाह जमखार निवासी रूकमेश मेहरा से किया था विवाह के बाद दुर्गा अपनी ससुराल में पति एवं पति के परिवारजनों के साथ रहती थी ससुराल पक्ष में पति रूकमेश मेहरा, ससुर छोटेलाल मेहरा, सास मालती बाई मेहरा, देवर रूपेश और मामा ससुर रामस्वरूप मेहरा निवासी पाटन द्वारा श्रीमति दुर्गा को सोने की चैन और दहेज लाने के लिये लगातार शारीरिक एवं मानसिक रूप से अत्याधिक प्रताड़ित किया जा रहा था जिसके बारे में दुर्गा ने पूर्व में अपने पिता गोपाल एवं मां सरोज, भाई गणेश को बताई थी, ससुराल वालों की प्रताड़ना से परेशान होकर दुर्गा मेहरा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सम्पूर्ण जांच पर मृतिका दुर्गा मेहरा के पति रूमकेश मेहरा, ससुर छोटेलाल मेहरा, सास मालती मेहरा, देवर रूपेश मेहरा सभी निवासी ग्राम जमखार एवं मामा ससुर रामस्वरूप मेहरा निवासी पाटन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

श्री शुभम् हॉस्पिटल
एण्ड रिसर्च सेंटर
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल
* जनरल मेडिसिन * हृदय रोग * नेत्र रोग * अस्थि रोग * जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
* न्यूरो तथा स्पाइन * नाक-कान-गला रोग * कैंसर * स्त्री एवं प्रसूती रोग * बाल रोग
24/7 आकस्मिक चिकित्सा, भर्ती, एम्बूलेंस, दवाईयां सुविधा उपलब्ध है
दशमेश द्वार, मदन महल चौक, नागपुर रोड, जबलपुर फोन. 0761.4051253 मो.9329486447




मोहन्ती चेस्ट हॉस्पिटल
डॉ. ए.पी. मोहन्ती
(एम.डी.चेस्ट वरिष्ठ छाती एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ)
एम.डी.आर. टी.बी., निमोनिया, फेफड़ों में जमे पानी का इलाज, दमा, सांस फूलने का इलाज, एलर्जी टेस्ट, स्लीप स्टडी, स्पाईरोमेट्री, ब्रॉकोस्कोपी एवं धूम्रपान छुड़ाना।
पता
जबलपुर हॉस्पिटल के सामने, रसल चौक जबलपुर
0761-3585408, 7999985457
0761-4047091, 7898409109